अब जल संरक्षण की मुहिम से जुड़ा आइफा

- यूएन के साथ मिलकर की 'बी वाटर पाजिटिव' पहल की शुरुआत
- पत्रकार वार्ता में दी जानकारी, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने की सराहना

एंटरटेनमेंट ब्यूरो, मुंबईः अबू धाबी स्थित यास आइलैंड में प्रस्तावित 23वें इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवार्ड (आइफा) समारोह ने अब खुद को जल संरक्षण की मुहिम से भी जोड़ लिया है। आयोजकों ने संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) के साथ मिलकर 'बी वाटर पाजिटिव' पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत संस्था आइफा से जुड़े फिल्मी सितारों के साथ मिलकर जल संरक्षण के प्रति लोगों को शिक्षित करेगा। साथ ही पानी की समस्या झेल रहे देश के विभिन्न गांवों को वाटर पाजिटिव (पानी से परिपूर्ण) बनाने की दिशा में काम करेगी।

मुंबई में गुरुवार को प्रेसवार्ता में आयोजकों, अभिनेत्री दीया मिर्जा, रकुल प्रीत सिंह, अभिनेता राजकुमार राव के साथ भारत में यूएन के स्थानीय समन्वयक शोम्बी शार्प भी उपस्थित रहे। वार्ता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े जलशक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने बी वाटर पाजिटिव पहल की सराहना कर भारत सरकार द्वारा पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। शोम्बी ने पहले मराठी, फिर हिंदी में अभिवादन कर संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भारत द्वारा लगाए गए सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, नवीनीकृत ऊर्जा में निवेश समेत कई प्रयासों की सराहना की।

2000 में शुरू आइफा अवार्ड्स के 23वें संस्करण का आयोजन 26 व 27 मई को यास आइलैंड में किया जाएगा। पिछले साल भी आइफा का आयोजन यास आइलैंड में ही किया गया था। इस बार आइफा की मेजबानी राजकुमार राव व निर्देशक तथा कोरियोग्राफर फराह खान करेंगी। मेजबानी करने को लेकर राजकुमार ने कहा, मैं पहली बार आइफा की मेजबानी करने को उत्साहित हूं। पहली बार मैं इसका प्रत्यक्षदर्शी बनूंगा। मैं और फराह मैम दोनों ही अच्छे दोस्त हैं।

nwda.gov.in